>

Ttilte: Need to undertake development of areas under Karauli-Dholpur Parliamentary Constituency in Rajasthan.

**श्री खिलाड़ी लाल बैरवा (करौली धौलपुर):** मेरा संसदीय क्षेत्र करौली-धौलपुर (राजस्थान) का 80 प्रतिशत हिस्सा डांग एवं पिछड़ा क्षेत्र है। यह क्षेत्र डाकू-ग्रस्त एवं भुखमरी ग्रस्त जंगल क्षेत्र है। मेरी मांग पर राज्य सरकार ने पेयजल की 460 करोड़ रूपये की 981 गांवों के लिए योजना बनाकर उनके पत्र क्रमांक एफ. 186/सीई(एसपी)पीएचईडी/पेटीशन/2008-09/620-623 दिनांव 25.5.11 द्वारा भेजी थी। मेरी मांग है कि बुन्देलखण्ड प्रोजेक्ट तर्ज पर डांग प्रोजेक्ट के नाम से योजना बनाकर केन्द्र सरकार स्पेशल कोटे में डांग क्षेत्र का विकास कराए जिसको कि ग्रामीण विकास मंत्री भारत सरकार के अ.शा. पत्र सं. एफ. 11011/55/2011-डीआईआर (एन आर डी डब्ल्यू पी) दिनांक 31.1.2012 के तहत अनुशंसित किया गया है। राज्य सरकार ने भी अपने पत्र क्रमांक एफ/185/सी ई एस पी/सी एम ओ/2008-2009/5884-88 दिनांक 3.2.2012 के तहत अनुशासित डांग प्रोजेक्ट बनाने के लिए सचिव (योजना) को अपनी सहमति भेजी है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस डांग प्रोजेक्ट को बुन्देलखण्ड की तर्ज पर स्वीकृत कराए जिससे मेरे संसदीय क्षेत्र का संपूर्ण डांग क्षेत्र मुख्य धारा से जुड़ सके।